## खबर संक्षेप

### नवरात्रि में होगा शतचंडी यज्ञ



**मण्डला।** श्री सिंह वाहिनी सेवा मंडल, मंडला के तत्वावधान में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि में शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से श्री शतचंडी यज्ञ एवम् रुद्राभिषेक होगा। विगत दिनों श्री सिंह वाहिनी मंदिर में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए अरविंद शुक्ल, अध्यक्ष श्री सिंह वाहनी सेवा मंडल, मंडला ने बतलाया कि विद्वान आचार्यों द्वारा प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी पाठ एवम रुद्राभिषेक किया जाएगा। मंडल आप सभी श्रद्धालुओं से आयोजन में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह करता है। रामनवमी पर्व पर यज्ञ की पूर्णाहुति एवम प्रसाद वितरण (दिन में 12 बजे होगा।) आप सभी की उपस्तिथि प्रथनीय है।

### नितिन यादव ओबीसी जन कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**भुआबिछिया।** ओबीसी जन-कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रितिक यादव ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष से सहमति प्राप्त कर जुझारू युवा समाजसेवी नितिन यादव को मंडला जिला युवा प्रभाग का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नितिन यादव की नियुक्ति पर संगठन के कार्यकर्ता, शुभचिंतकों ने बधाई दी।

## एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी-मोहन यादव

# कांग्रेस ने आदिवासियों को नहीं दिया सम्मान

*** मोदी जी की सरकार में पूरा देश सुरक्षित है।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मंडला में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी जी का प्रधानमंत्री बनना इसलिए जरूरी है क्योंकि देश के अंदर आदिवासी समाज का मान-सम्मान अगर किसी ने बढ़ाया तो नरेंद्र मोदी जी ने बढ़ाया। कांग्रेस ने 70 सालों तक देश में सरकार चलाई लेकिन आदिवासी समाज के किसी भाई बहन को न मान दिया, न सम्मान दिया। भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश को आदिवासी परिवार से राष्ट्रपति मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी एक स्कूल में शिक्षिका थीं वो आज दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में सबसे बड़े पद पर सुशोभित हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी नेतृत्व का कमाल है जो सबका साथ सबका विकास के मंत्र को सार्थक कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंडला से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में बीजाडांडी में सभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को जिताने की अपील की। जनसभा को लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने भी संबोधित किया।

### यह वीरांगनाओं की भूमि है

उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र वीरांगना दुर्गावती और रानी अवंती बाई की वीरता और पराक्रम से जाना जाता है। एक ने मुगलों के दांत खट्टे किए और दूसरे ने अंग्रेजों को ठिकाने लगाया। इस क्षेत्र की मिट्टी में ऐसा कुछ है जो शूरता, वीरता, बहादुर, पराक्रम और पुरुषार्थ की पराकाष्ठा करके नया इतिहास बनाता है। यहां नर्मदावासी परिक्रमा करने आते हैं तो किसी के भी दरवाजे पहुंच जाए तो कोई भूखा नहीं जाता इसलिए मैं सबको प्रणाम करता हूं इतना अच्छा रामराज कहीं मिलेगा तो अपने मंडला क्षेत्र में मिलेगा।

### कुछ हस्ती है कि मिटती नहीं हमारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि यह चुनाव साधारण नहीं है यह पूरे देश का मान और सम्मान बढ़ाने वाला चुनाव है। दुनिया में भारतीय संस्कृति अलग प्रकार से जानी जाती है। उन्होंने इकबाल की पक्तियों को दोहराते हुए कहा "कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी"। कई आए और कई गए, हर दौर में कोई हंसता खिलखिलाता है, दुनिया के सभी संकटों से मुकाबला करने वाला समाज अगर कोई है तो वह भारतीय समाज है।

### कांग्रेस के चारों खाने चित हो गए

उन्होंने कहा कि पिछली विधानसभा चुनाव के समय भी जब मोदी जी ने कहा, "एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी"। ये नारा ऐसा चला की कांग्रेस के चारों खाने चित्त हो गए। "इस नारे को स्वीकार करते हुए 163 से ज्यादा सीट मिली और प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी। केवल मध्यप्रदेश ही नहीं, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जहां-जहां प्रचार किया चाहे वह छत्तीसगढ़ हो या राजस्थान में एक ही फूल खिला, उसका नाम है कमल का फूल।

### लोकतंत्र में पहला अधिकार गरीबों का है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार बनने के बाद हमने फैसला किया कि मंडला में एक और मेडिकल कॉलेज देंगे। रानी दुर्गावती के नाम पर पहली कैबिनेट की मीटिंग हमने जबलपुर में की है। हमारी सरकार ने निर्णय किया है हेलीकॉप्टर उड़ाना बड़ी बात नहीं है, लेकिन हेलीकॉप्टर का उपयोग किसको होना चाहिए, लोकतंत्र में पहला अधिकार गरीबों, आदिवासियों का है। मरीज को भर्ती होने के बाद अगर कहीं दूसरे अस्पताल में ले जाना है या किसी बड़ी जगह ले जाना है अथवा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से किसी का भी कोई मरीज भर्ती रहेगा तो हेलीकॉप्टर से बड़े अस्पताल में ले जाने का निर्णय हमारी सरकार ने किया। हमारे बच्चे डॉक्टर, वकील इंजीनियर बनना चाहते हैं तो कोई भी अपने परिवार का बच्चा अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ना चाहता है तो ऐसे प्रत्येक बच्चे की विशेष कोचिंग क्लास चलाकर डॉक्टर, इंजीनियर बनाने की जवाबदारी हमारी सरकार ने ली है।

### माता- बहनों का सम्मान हमारी संस्कृति है

उन्होंने कहा दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जो अपनी संस्कृति को माता संस्कृति से जोड़ते हैं। हमने तो संपूर्ण वसुधा को माता माना है। देश के अंदर माताओं-बहनों को सम्मान देना हमारी संस्कृति ने हर कदम पर सिखाया है। इसलिए बहनों के लिए हमने लगातार योजना बनाई। अब सिलाई कारखाने डाले जा रहे हैं, उन कारखानों में 4 हजार बहनों को रेडीमेड गारमेंट्स की फैक्ट्री में भी काम मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप चिंता मत करना यह मंडला में भी डाली जाएगी। हमारी सरकार ने निर्णय किया है आने वाले समय में कि जिनके पास गाय भैंस है उनको और जिनके पास गाय भैंस नहीं है उनको भी गाय भैंस देकर पशुपालन के माध्यम से मदद करेंगे। हमारी सरकार ने निर्णय किया कोदो कुटकी पर 1 हजार रू प्रति क्विंटल का बोनस मिल रहा है। दूध के उत्पादन पर भी प्रति लीटर बोनस देने का काम हमारी सरकार करेगी। आयोजित जनसभा में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवक्ता राहुल कोठारी, जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, रतन सिंह ठाकुर, संयोजक प्रफुल्ल मिश्रा, विधानसभा प्रभारी महेश विश्वकर्मा, संतोष रजक, श्रवण पटेल, जाकिर हुसैन, रामचंद्र यादव, शैलेश मिश्रा, संजीत पांडेय, संदीप सिंह, सुधीर कसार, जयदत्त झा, मंजू कछवाहा, विजय सर्वटे, संदीप नामदेव, आदित्य मिश्रा, विकास यादव, अंशुमाली शुक्ला, विवेक अग्निहोत्री, आशाराम भारतीया, पुसुवा सिंह उददे सहित जिले व मण्डल के कार्यकर्ता तथा क्षेत्र का विशाल जनसमूह उपस्थित था।

# पानी पर इन मूक पक्षियों का भी पूरा अधिकार है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पक्षी बचाओ अभियान के तहत चलाया गया अभियान के तहत माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत सुभाष वार्ड में कछवाहा परिवार के ही चार सदस्यों के द्वारा 5 वर्षों से लगातार बच्चों के द्वारा पक्षियों को पानी पिलाने की परंपरा चलाई गई है इस अभियान की प्रेरणा स्त्रोत कक्षा आठवीं में पढ़ने वाली छात्रा दीपांशी कछवाहा के द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी दादी-दादी विजय कछवाहा एवं श्रीमती आशा कछवाहा है जो एक सेवानिवृत शिक्षक है है लगातार 5 वर्षों से मिट्टी के पात्र में पानी देकर पक्षियों की प्यास बुझाते हैं इसके साथ ही गर्मी में गाय बैल एवं कुत्ते बिल्ली सभी को पानी देने का अभियान चलते हैं इनका कहना है कि जीव जगत में सभी जीवों का अधिकार पानी का है अतः आम जनता से अपील की जाती है कि वह अपने घरों में में मिट्टी के पात्र या अन्य पात्र में पानी भरकर जरूर रखें ताकि पक्षी एवं जीव जंतु भी पानी पी सके उनके साथ इस अभियान में अनिका कछवाहा अदिति कछवाहा अनुश्री कुशवाहा अदर्व कुशवाहा सभी मिलकर साथ देते हैं आर के छतरी इको क्लब प्रभारी ने आम जनता से अपील की है भीषण गर्मी के चलते जैव विविधता को बचाने एवं प्रकृति के संरक्षण के लिए छोटा सा कार्य करके महान बन जा सकता एवं पुण्य कमाया जा सकता है इस लिए हम इस अभियान में सभी मिलकर अपना योगदान दें।

### आकर्षक रंगोली बनाकर दिया नैतिक मतदान का संदेश

**मण्डला।** स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हायरसेकेंडरी स्कूल जामगांव, शासकीय महाविद्यालय मवई, ग्राम सिंगारपुर एवं तूमेगांव में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान महिलाओं एवं छात्राओं ने रंगोली बनाकर नैतिक मतदान का संदेश दिया। साथ ही उपस्थित मतदाताओं को नैतिक मतदान की शपथ दिलाई।

### आज 479 मतदाताओं से कराई जाएगी होम वोटिंग

**मण्डला।** 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनकी सहमति के आधार पर होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। शनिवार 6 अप्रैल 2024 को मंडला जिले के 479 मतदाताओं से उनके घर में ही मतदान की प्रक्रिया पूरी गोपनीयता और सुरक्षा के साथ संपन्न कराई जाएगी। बिछिया विधानसभा के 199, निवास के 129 तथा मंडला के 151 मतदाता अपने घर में ही मताधिकार का उपयोग करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के 321 मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए अपनी सहमति प्रदान की है जिनमें बिछिया विधानसभा के 137, निवास विधानसभा के 92 तथा मंडला विधानसभा के 92 बुजुर्ग मतदाता सम्मिलित हैं। इसी प्रकार 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले 158 मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए अपनी सहमति प्रदान की है जिनमें बिछिया विधानसभा के 62, निवास विधानसभा के 37 तथा मंडला विधानसभा के 59 दिव्यांग मतदाता सम्मिलित हैं। मंडला जिले में होम वोटिंग के लिए जिले में 56 टीम का गठन किया गया है। बिछिया विधानसभा में 28 तथा निवास एवं मंडला में 14-14 टीम गठित की गई हैं। सभी दलों में माईक्रो ऑब्जर्वर, पुलिस बल तथा वीडियोग्राफर सम्मिलित रहेंगे।

## हाट बाजार एवं गांवों में पहुंचा मतदाता जागरूकता रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विगत दिनों इसी अभियान को गति देने के लिए जिले में मतदाता जागरूकता वाहन रवाना किया गया था। शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रथ सुबह रामनगर से चलकर चौगान, सिंगारपुर, देवगांव, उमरिया, रयगांव, मुनू, सालीवाड़ा, वनग्राम झीना में पहुंचा। प्रत्येक ग्राम में जगह-जगह चौक चौराहों पर खड़े होकर स्थानीय बोली भाषा में जागरूकता गीत के माध्यम से लोगों को आगामी 19 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी दौरान ग्राम लिंगापोंड़ी में शुक्रवार की साप्ताहिक बाजार में लोगों के बीच जागरूकता वाहन के माध्यम से नैतिक मतदान की अपील की गई।

## नारायणगंज में फिर आबाद हुए जुआ फड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



नारायणगंज नगर में जुआ फड एक बार फिर आबाद हो चुके हैं शाम ढलते ही अस्पताल ग्राउंड और गली मोहल्ले में जुआरियों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है परंतु स्थानीय प्रशासन अभी भी गहरी नींद में सो रहा है।

रोजाना जुआ फड़ो में कई हजारों रुपए की नाल कट रही है जुआरी दांव पर दांव लगा रहे हैं परंतु प्रशासन को इस बात की भनक तक नहीं है सूत्रों से पता चला है कि स्थानीय प्रशासन के कुछ कर्मचारियों के सहयोग के कारण यह जुआरी बेखौफ होकर जुआ फंड की महफ़िल जमा रहे हैं।

जिला प्रशासन मौन, स्थानीय जनप्रतिनिधि का सहयोग

स्थानीय प्रशासन की उदासीन कार्यप्रणाली पर जिला प्रशासन भी एक्शन नहीं ले पा रहा है लोगों का कहना है कि जुआ की लत के चलते कई घर तबाह हो चुके हैं परंतु यह अवैध खेल पर रोक नहीं लगाई जा रही है।

**गफलत** | दो साल से जनपद में ही अटका जाँच प्रतिवेदन नहीं पहुंचा जिला पंचायत।

# पति के नाम किया लगभग 20 लाख का भुगतान

*** पंचायत राज अधिनियम की उड़ रही धज्जियाँ।**

भूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली पंचायत अमदरा की रोजगार सहायक कृष्णा मरावी जो कि प्रभारी सचिव के पद पर अमदरा पंचायत में पदस्थ थी उन्होंने अपने कार्यकाल में 19 लाख रूपये से अधिक के भुगतान अपने पति के नाम कर दिये। पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत पंचायत में पदस्थ लोक सेवक या निर्वाचित सदस्य अपने सगे संबंधियों को सीधे कोई लाभ नहीं पहुंचा सकते, लेकिन ग्राम पंचायत अमदरा में 14वे वित्त एवं 15 वे वित्त योजना एवं ग्राम पंचायत के अंतर्गत निर्माण कार्यों के भुगतान की राशि अपने ही पति के नाम कर दी। पति जो कि दूसरी पंचायत का निवासी है उसकी बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई की कथित फर्म है जिसका जी एस टी नंबर भी है जिस पर लाखों रूपये के भुगतान किये गए हैं, उक्त फर्जी कार्यों की जांच लगभग 2 वर्ष पूर्व की जा चुकी है और इसमें तत्कालीन प्रभारी सचिव एवं तत्कालीन सरपंच के साथ साथ वर्तमान सरपंच को भी आरोपी बनाया गया है और लगभग 20 लाख रूपये की वसूली किये जाने की बात कही गई। उक्त प्रतिवेदन जनपद के पी सी ओ द्वारा जाँच कर जनपद को भेजा जा चुका है।

### आज दिनांक तक नहीं हुई किसी भी प्रकार की कार्यवाही

2022 में यह जाँच की गई थी और प्रतिवेदन जनपद में जमा किया गया था परंतु आज दिनांक तक प्रभारी सचिव पर न ही तत्कालीन सरपंच पर और न ही वर्तमान सरपंच पर जनपद द्वारा कोई भी प्रकार की कार्यवाही की गई। पंचायती राज व्यवस्था में ऐसे पूरे प्रावधान हैं जिसके आधार पर पारदर्षिता पूर्वक निर्माण कार्य संपन्न कराये जाएं और भुगतान ग्राम पंचायत समिति एवं ग्राम सभा के अनुमोदन के बाद ही हो लेकिन यहाँ ऐसा हो ही नहीं रहा है ।

### जनपद के कर्मचारी और जन प्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

जांच प्रतिवेदन में अलग-अलग प्रस्तावों एवं भुगतान बाउचर के आधार पर अलग-अलग तारीखों पर हुए भुगतान फर्जी बताया गया और वसूली करने की बात कही गई लेकिन आज दिनांक तक उक्त जाँच प्रतिवेदन के आधार पर कोई कार्यवाही नहीं हुई और न ही जांच प्रतिवेदन जिला पंचायत तक पहुँच पाया।

जनपद पंचायत नारायणगंज मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जाँच कर्ता अधिकारियों की मिली भगत से आज दिनाँक तक उक्त जाँच प्रतिवेदन कार्यवाही हेतु जिला पंचायत नहीं भेजा गया जबकि जाँच के दौरान सीधे गबन का मामला सिद्ध होना प्रतीत होता है सचिव एवं सचिव पति को जनपद के अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों का संरक्षण प्राप्त होने के कारण दोषियों पर आज तक कोई भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो पाई है। इससे प्रतीत होता है कि एक मोटी रकम का गबन, कहीं मोटी रकम के चलते दब कर रह जायेगा और इसी तरह से सरपंच सचिव पंचायत को लूटते रहेंगे।

## म.प्र.जन अभियान परिषद मंडला की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति डोंगरगांव ने बोरी बंधान बनाया

*** प्रस्फुटन समितियां अपने गांवों में जल संरक्षण के कार्य कर रही हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



दिनांक 05.04.2024 को म.प्र.जन अभियान परिषद जिला मण्डला की प्रस्फुटन समिति द्वारा जल संरक्षण का आयोजन डोंगरगांव के सकरहा नला में बोरी बंधान का कार्यक्रम किया गया। जिसमें 54 सदस्यों द्वारा 56 बोरियों का बोरी बंधान का कार्य किया गया बोरी बंधान का कार्य कर जल संरक्षण का बडा संदेश जिला वासियों को दिया हैं। बारिश के बाद कई नदी-नाले फरवरी-मार्च तक चलते हैं, शेष 3 माह नालों में जल नहीं रहने से मवेशियों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता। यदि इस समय बंधान बनाकर पानी रोक दिया जाये तो मवेशियों को बारिश के पूर्व तक पर्याप्त जल रहता हैं। इस बोरी बंधान के कार्यक्रम में उपस्थित जिला समन्वयक आर.एस. चौधरी जी ने उपस्थित सभी सदस्यों को जल संरक्षण के अन्य उपायों को भी अपने गांव में करने हेतु सुझाव दिये। उपरोक्त कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक नेमलाल धुर्वे नवाकुर संस्था गोविंदकुरुम, ब्रजकुमार आरमों, गोवर्धन यादव, अशोक राजे, मिलन धुर्वे, रमेश गोप, मेंटर्स गीता साहू, नीरज दुबे, आशीष नामदेव, उमेश पट्टा, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष शिवकुमार सोनवानी प्रभु दयाल आर्मो बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू छात्र-छात्रा, प्रीति झरिया,रवि झरिया राहुल झरिया आदि कार्यक्रम में सहभागिता दी गई।



**खबर संक्षेप**

## जतिन साहू का नवोदय विद्यालय में चयन



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** विकासखंड मुख्यालय मेंहदवानी के नंदिनी पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत छात्र जतिन कुमार साहू पिता राममिलन साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय धामनगांव में 2024-25 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे छात्र अपनी लगन और मेहनत से माता पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र जतिन कुमार साहू के पिता राममिलन साहू का मेंहदवानी में प्रिंटिंग प्रेस तथा डिजिटल फोटो गैलरी है। जबकि माता सरिता साहू गृहणी हैं। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता तथा गुरू जनों को दिया है। छात्र को जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर माता पिता, गुरु जनों सहित सभी शुभचिंतकों, ईष्ट मित्रों के द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गई है।

## वित्तीय वर्ष 2023-24 में 289.33 करोड़ रुपये खनिज राजस्व राशि की हुई प्राप्ति

**अनूपपुर।** कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) अनूपपुर अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु शासन द्वारा खनिज राजस्व लक्ष्य राशि 308.50 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था। इस लक्ष्य प्राप्ति हेतु कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन में खनिज विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध राशि 289.33 करोड़ रुपये की प्राप्ति की गई है। साथ ही खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भण्डारण के कुल 223 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। दर्ज प्रकरणों में से न्यायालय कलेक्टर अनूपपुर द्वारा निराकृत प्रकरणो में अर्थदण्ड राशि 48 लाख 85 हजार 640 रुपये वसूल किया गया है।

## अवैध रेत उत्खनन माफिया के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही



**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिहं पंवार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिहं एवं एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है। 05.04.2024 को टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संजय खलखो, आरक्षक मनोज गुर्जर के द्वारा बम्होरिया तालाब के पास जैतहरी रोड अनूपपुर मे एक ट्रेक्टर महिन्द्रा कंपनी की लाल कलर का ट्रेक्टर आता हुआ दिखाई दिया जिसे रोकने पर वाहन चालक वाहन को न रोककर चलाते हुए खेत मे उतार दिया व चालक ट्रेक्टर से उतरकर भाग गया महिन्द्रा कंपनी का ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 18 एवी 0437 में अवैध रूप से उत्खनन की हुई रेत का परिवहन करते हुए पाये जाने पर कार्यवाही की गई। ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 18 एवी 0437 के अज्ञात चालक व वाहन स्वामी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 203/24 धारा 379, 414 ताहि. 4/21 खनिज अधिनियम का पंजीबद्ध किया जाकर वाहन को मय रेत के जप्त कर कार्यवाही की जा रही है।

### एसडीएम अनुराग सिंह शहपुरा को ग्रामीण युवा समूह ने सौंपा ज्ञापन

# डॉ सत्येंद्र परस्ते को हटाने के लिए उठी मांग

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी जिला के शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है जहां आज दिन शुक्रवार को कुछ गांव के युवा समूह के द्वारा एसडीएम कार्यालय शहपुरा पहुंचकर डॉक्टर सत्येंद्र परस्ते बीएमओ शहपुरा की कर प्रणाली को देखते हुए लिखित आवेदन दिए हैं विज्ञापन में उल्लेख है कि शहपुरा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्येन्द्र परस्ते कई वर्षों से यहां पदस्थ है। पूर्व में एक महिला ने इनके ऊपर छेड़खानी का आरोप लगाया था। जिसमें धारा 354 के तहत शहपुरा पुलिस थाना में मामला दर्ज है। इस मामले पर कमिश्नर जबलपुर ने डॉ. सत्येन्द्र परस्ते को यहाँ से हटाकर जिला चिकित्सालय डिण्डौरी में पदस्थ करवा





दिया था। इसके बावजूद भी अपने राजनैतिक प्रभाव का उपयोग करके यहाँ पर पदस्थ है। डॉ. सत्येन्द्र परस्ते के यहाँ रहने से अस्पताल की व्यवस्था चरमराई हुई है। मरीजों को सही ईलाज भी नहीं मिल पा रहा है। डॉ. सत्येन्द्र परस्ते अपने सरकारी आवास में मरीजों का ईलाज कर पैसे भी लेता है और खून बेचने की भी इसकी कार्यप्रणाली रही है वर्तमान में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगी हुई है और डॉ. सत्येन्द्र परस्ते अप्रत्यक्ष रूप से राजनीति में भी संलग्न रहता है। डॉ. सत्येन्द्र परस्ते द्वारा एन.आर.सी. में केयर टेकर सहित अन्य भर्तियाँ अवैध रूप से मनमाने ढंग से कर ली गई है जिसकी शिकायत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डिण्डौरी तक भी हो चुकी है। लेकिन राजनैतिक रसूख के कारण डॉ. सतेन्द्र परस्ते अभी भी शहपुरा अस्पताल में पदस्थ है। गांव के युवा समूह ने एसडीएम को ज्ञापन देते हुए यह मांग की है की हमारी मांगों और शिकायत पर यथाशीघ्र ध्यान देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शहपुरा में पदस्थ मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्येन्द्र परस्ते तत्काल हटाया जावे जो कि जनहित में होगा डॉ. सत्येन्द्र परस्ते के यहाँ रहने से निष्पक्ष लोकसभा चुनाव प्रभावित होगा।

### इनका कहना है

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में पदस्थ डॉक्टर सतेन्द्र परस्ते का रवैया ठीक नहीं है। उनके रहते अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं चरमराई हुई हैं। शहपुरा अस्पताल की स्थिति बत्तर हो गई है। शहपुरा अस्पताल में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है मरीजो का ढंग से इलाज नहीं हो पा रहा है। डॉक्टर परस्ते के ऊपर कई मामलों के तहत एफ आई आर दर्ज हैं। इसलिए हमने एसडीएम शाहपुरा को इनको यहां से हटाने की मांग की है

**-विजय साहू (युवा ग्रामीण)**

आज शहपुरा ब्लॉक के ग्रामीणो और युवा समूह के द्वारा ज्ञापन दिया गया है जिसमें उन्होंने कहा है कि शहपुरा अस्पताल की व्यवस्थाएं चरमराई हुई है, जिसके लिए उन्होंने डॉक्टर सत्येंद्र परस्ते को जिम्मेदार ठहराया है और उन्हें हटाने की मांग की है। इस संबंध में हमारी जांच चल रही है इसके साथ ही जो भी घटना हुई है उसकी भी जांच चल रही है जो भी निकाल कर सामने आएगा उस अनुसार कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही ज्ञापन को उच्च अधिकारियों तक भी भेजा जाएगा।

## आबकारी विभाग की कार्यवाही में अवैध शराब के 6 प्रकरण कायम



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार 04 अप्रैल 2024 को आबकारी विभाग द्वारा जिले के ग्राम बोंदर, कनकधारा, शाहपुर, बिछिया व वार्ड क्रमांक 02 डिंडोरी में दबिश कर कार्यवाही की गई। तलाशी के दौरान अवैध शराब लगभग 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त की गई व 4.860 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन व 10.260 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जीनियस व्हिस्की जप्त की गई। साथ ही 500 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत 5,8320/- रुपये है। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) ष्कष ष्चष के तहत उक्त प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्यवाही एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक छिद्दी लाल झारिया, रामभरोस ठाकुर, करिश्मा सलामे, मनीष उइके व नगर सैनिक तोक सिंह मरावी, अशोक सैयाम मौजूद रहे।

## रबी फसलों के फसल प्रबंधन के लिए समसामयिक सलाह जारी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिले में रबी सीजन में गेहूं, चना, मटर, मसूर और तिलहनी फसलों की कटाई एवं गहाई का कार्य किया जा रहा है। तापमान में वृद्धि से फसलों के सही समय पर उचित प्रबंधन न करने से उत्पादन और गुणवत्ता दोनों ही प्रभावित होती है। फसल गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए कृषि विभाग ने आवश्यक निर्देश दिए। फसल कटाई के लिए निर्देश दिए कि फसल तभी काटी जाए, जब ऊपरी पत्तियां और तना सूख चुकी हो, 70-80 प्रतिशत फलियां पक चुकी हो। फली से दाने निकाल कर काटा जाए और कट की आवाज आए।मसूर की कटाई सुबह के समय करने से दाने झड़ने से बचा जा सकता है। गेहूं को दानों में 25-30 प्रतिशत नमी की स्थिति में कटाई करें, अधिक परिपक्व होने की अवस्था में कटाई करने पर दाने झड़ने और चूहों कीट-व्याधि के प्रकोप से उपज में कमी होती है। कटाई करने के बाद खलिहान में 4-5 दिन सुखाकर गहाई कर 10-12 नमी में भंडारित कर लेना चाहिए। परंतु दलहनी फसलों में नमी 10 प्रतिशत से अधिक नही होनी चाहिए। उपज की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु उपज को ज्यादा समय तक खलिहान में न रखें। असामयिक प्राकृतिक आपदाओं (बिजली, वर्षा, और आग इत्यादि) से बचाव हेतु गहाई समय पर कर खलिहान से उपज को सुरक्षित भंडारित करें। फसल की उचित समय पर कटाई किये जाने से गुणवत्ता में सुधार हो पाता है।

## मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) का सवैतनिक सार्वजनिक अवकाश घोषित

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में सम्मिलित मण्डला (अजजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 में शामिल विधान सभा शहपुरा क्रमांक 103 एवं डिण्डौरी क्रमांक 104 के लिए मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को सम्पन्न होना तय है। मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के अनुक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मंडला (अजजा) क्रमांक 14 में शामिल जिले डिण्डौरी की राजस्व सीमा में स्थित शासकीयध अर्द्धशासकीय कार्यालयों, निगम, मण्डल, सभी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम, प्रतिष्ठान आदि में नियोजित आदि में कार्मिकों को मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) का सवैतनिक सार्वजनिक अवकाश घोषित किया।
19 अप्रैल के दिन किसी भी अधिकारी,कर्मचारी, मजदूर के दैनिक वेतन में कटौती किये बिना अवकाश प्रदान किया गया।

## खरीफ सीजन 2024 के लिए उर्वरकों की विक्रय दर निर्धारित

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कृषि विभाग डिंडौरी द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि खरीफ सीजन 2024 के लिए उर्वरकों की नगद विक्रय दरें निर्धारित की गई हैं। उक्त दरों में भारत सरकार द्वारा लागू की गई सीजीएसटी एवं राज्य शासन द्वारा लागू सीजीएसटी सम्मलित है। यह दरें 1 अप्रैल 2024 से आगामी सूचना तक प्रभावशील रहेगी। निर्धारित विक्रय दर के अनुसार नीम कोटेट यूरिया 266.50 रूपये प्रति 45 किलोग्राम बोरी, एसएसपी पाउडर 440.75 रूपये प्रति 50 किलोग्राम बोरी, एसएसपी दानेदार 480.75 रूपये प्रति 50 किलोग्राम बोरी, बोरोनेटेड एसएसपी पाउडर 470.75 रूपये प्रति 50 किलोग्राम बोरी, बोरोनेटेड एसएसपी दानेदार 510.75 रूपये बोरोनेटेड एसएसपी पाउडर, जिंक कोटेड एसएसपी पाउडर 465.75 रूपये प्रति 50 किलोग्राम बोरी, जिंक कोटेड एसएसपी दानेदार 505.75 रूपये प्रति किलोग्राम बोरी, जिंक सल्फेट 21 प्रतिशत (प्रति 25 किलोग्राम 868.87 रूपये, प्रति 10 किलोग्राम 358.38 रूपये, प्रति 5 किलोग्राम 187.75 रूपये), जिंक सल्फेट 33 प्रतिशत (प्रति 25 किलोग्राम 1017.73 रूपये, प्रति 10 किलोग्राम 418.03 रूपये, प्रति 5 किलोग्राम 217.52 रूपये), बोरॉन (प्रति 1 किलोग्राम 81.54 रूपये , प्रति 2 किलोग्राम 163.08 रूपये, प्रति 5 किलोग्राम 407.70 रूपये), बेन्टोनाईट सल्फर (प्रति 5 किलोग्राम 162.80 रूपये, प्रति 10 किलोग्राम 325.60 रूपये), पोटेशियम नाइट्रेट (प्रति 1 किलोग्राम 109.07 रूपये, प्रति 5 किलोग्राम 545.35 रूपये, प्रति 25 किलोग्राम 2726.77 रूपये), कैल्शियम नाइट्रेट (प्रति 10 किलोग्राम 585.90 रूपये, प्रति 25 किलोग्राम 1464.75 रूपये), नेनो यूरिया 225.00 प्रति 500 मिलीलीटर, ऑर्गेनिक मेन्योर 398.48 रूपये प्रति 50 किलोग्राम, प्रोम 684.34 रूपये प्रति 50 किलोग्राम, वर्मी कम्पोस्ट 375.38 रूपये प्रति 50 किलोग्राम और सिटी कम्पोस्ट 225.23 रूपये प्रति 50 किलोग्राम निर्धारित की गई है।

## इंवेस्टीगेशन एजेंसियों के नाम पर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के संबंध में जनहित में परामर्श सूचना जारी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश द्वारा इंवेस्टीगेशन एजेंसियों के नाम पर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के संबंध में जनहित में परामर्श सूचना जारी की गई है। जारी परामर्श सूचना में अवगत कराया गया है कि पिछले कुछ समय से एक विशेष प्रकार के सायबर अपराधों की शिकायत देखने में आ रही है, जिसमें आम नागरिकों को किसी इंवेस्टीगेशन एजेंसी/संस्था के वरिष्ठ अधिकारी के नाम से कॉल व्हाट्सएप कॉल करके बड़े पैमाने पर ठगी की जा रही है।
कार्य प्रणाली में पिछले कुछ समय से एक विशेष प्रकार का अपराध देखने में आ रहा है, जिसमें सायबर अपराधी कॉल अथवा व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से संपर्क करते हैं। यह कॉल अधिकांशतः 92 (पाकिस्तानी) नम्बर या किसी अन्य देश के नम्बर (91 के अतिरिक्त) से आते हैं। संदिग्ध व्यक्ति कॉल करके आपको डराते हुये यह कहते हैं कि आपके पैन/आधार कार्ड का उपयोग करके पार्सल भेजा गया है, जिसमें नार्कोटिक्स (नशीली) सामग्री है। जालसाज एनसीबी/सीबीआई/ईडी/एनआईए आदि इंवेस्टीगेशन एजेंसी के अधिकारी के नाम से बदल-बदल कर कभी कॉल, कभी व्हाट्सएप वीडियो कॉल करते हैं, और कहते हैं कि उन्होंने आपके नाम से एक पार्सल पकड़ा है, जिसमें नार्कोटिक्स (नशीली) सामग्री है। जालसाजों द्वारा कभी आपको कोर्ट फीस देने या जमानत देने के नाम से अथवा आपका नाम केस से हटाने के नाम पर पैसे की मांग की जाती है। कभी-कभी वीडियो कॉल पर पुलिस अधिकारी से बात करने को भी कहते हैं। वीडियो कॉल पर रहते हुये आपको एक फर्जी नोटिस दे दिया जाता है, जिसमें आपको डिजिटल अरेस्ट करते हुये घर में ही रहने को कहा जाता है। और कहा जाता है कि आप स्वयं को किसी कमरे में बंद करलें तथा उनके सभी सवालों के जवाब दें। यह भी कहा जाता है कि कैमरे के सामने ही रहना है, कमरे में यदि कोई और आया तो आप दोनों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। धीरे-धीरे आपको और अधिक डराया जाता है और आपकी निजी व खातों तथा विभिन्न इंवेस्टमेंट की जानकारी आपसे ले ली जाती है। अंत में यह कहकर कि शायद आपको गलत फंसा दिया गया है, आप जांच पूरी होने तक अपना पैसा आरबीआईध्भारत सरकार के खाते में जमा कर दें, जो जांच पूरी होने के बाद आपको लौटा दिया जायेगा। इस पूरी कार्यवाही के दौरान आपको न ही किसी से संपर्क करने का मौका दिया जाता है, न ही बाहर जाने दिया जाता है और इस प्रकार आपसे मोटी रकम जमा करा ली जाती है।
अनजान नम्बर खासकर जो 92 से शुरु होते हों, से आने वाले कॉल, व्हाट्सएप कॉल/वीडियो कॉल, टेलीग्राम कॉल न उठाएं। भारतीय कानून में डिजिटल अरेस्ट का कोई नियम नहीं है। अतः किसी के कहने पर या डर से खुद को कहीं बंद न करें। अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाते संबंधी, आधार आदि को किसी के साथ साझा न करें। कोई भी संस्था आपसे आपका निजी पैसा किसी भी शासकीय खाते में जमा करने या सुरक्षित करने की सलाह नही देता। अतः कभी भी अपना पैसा किसी अनजान खाते में ट्रांसफर न करें। यदि आपके साथ कोई सायबर अपराध घटित होता है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में या .बलइमतबतपउम.हवअ.पद या ब्लइमत ब्तपउम भ्मसच स्पदम (टॉल फ्री) नम्बर 1930 पर करें।

## गर्मी के मौसम में लू और बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम के उपाय जनहित में जारी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्मी के मौसम में लू और बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम के उपाय जनहित में जारी की गई है। जिसमें बताया गया कि लू हीट स्ट्रोक शरीर की ऐसी स्थिति है,जिसमें गर्मी के कारण शरीर का तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस या अधिक हो जाता है और मन में उलझन की स्थिति रहती है। यह स्थिति एकाएक आ सकती है या धीरे-धीरे। इस समस्या की जटिल अवस्था होने पर किडनी खराब हो सकती है।लू लगने पर अगर तुरंत उपचार न मिले, तो मृत्यु भी हो सकती है।

लू के लक्षण -
तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना यह सभी लू के लक्षण हैं।

**लू से बचाव के उपाय-**
लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। अतः इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहियें। पानी अधिक मात्रा में पीये, अधिक समय तक धूप में न रहें, बहुत अनिवार्य हो तो ही घर से बाहर जायें, बच्चे बुजुर्ग एवं बीमार व्यक्ति घर से बाहर कम निकले, विशेषतः दोपहर में 12 से 04 बजे के मध्य घर से बाहर ना जाएँ, धूप में निकलने से पहले सर एवं कानों को कपडे से अच्छी तरह ढक लें। गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती हल्के ढीले-ढाले सूती वस्त्र पहनना तथा धूप में चश्मा, छाता, टोपी एवं जूता पहन कर घर से निकले। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल, लस्सी, मट्ठा एवं फलों का रस पीये शरीर में मिनेरल्स की कमी न होने दें। गरिष्ठ एवं मसालेदार भोजन से बचें। चक्कर आने, मितली आने पर छाया दार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन करें। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरी सलाह लिया जाये। गर्म हवाओं की स्थिति जानने के लिए रेडियो, टी0वी0 पर मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त करते रहें। उल्टी, सिर दर्द, तेज बुखार की स्थिति में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से परामर्श प्राप्त करें। यात्रा के समय पानी की बोतल, ओ0आर0एस0 पेकेट साथ में रखना चाहिए।

लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार-
लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार में अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलायें जैसे कच्चे आम का पना एवं जलजीरा आदि का उपयोग करें। पीडित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा देवे, बुखार पीडित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगावें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें। पीडित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए भेजे। आशाध्एएनएम से ओआर.एस की पैकेट के लिए संपर्क कर सकते है।

## वोटर कार्ड नहीं है तो फोटो पहचान पत्र की मदद से दे सकते हैं वोटः जिला निर्वाचन अधिकारी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि 19 अप्रैल को जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दिवस का आयोजन किया जायगा। मतदान दिवस में किसी भी मतदाता के पास वोटर कार्ड नहीं है तो वे फोटो पहचान पत्र की मदद से वोट दे सकते हैं। वोटर कार्ड न होने की स्थिति में मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निम्न 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। - आधार कार्ड - ड्राइविंग लाइसेंस - पैन कार्ड - भारतीय पासपोर्ट सहित - मनरेगा जॉब कार्ड - बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक - श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड - स्मार्ट कार्ड - फोटो के साथ पेंशन दस्तावेज - केंद्र या राज्य सरकारों या पीएसयू द्वारा जारी फोटो युक्त सेवा आई कार्ड सांसदों, - विधायकों और एमएलसी को जारी आधिकारिक पहचान पत्र - सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा जारी दिव्यांग आई कार्ड। उक्त परिचय पत्र के अलावा मतदाता सूची के लिए जारी मतदाता पर्ची से मतदान नहीं किया जा सकता,यह मतदातापर्ची केवल मतदाता को उसके मतदाता सूची में नाम होने की जानकारी प्रदान करती है। इसलिए मतदान केंद्र में किसी भी फोटो युक्त परिचय पत्र के साथ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है।

## मतदाताओं को जागरूक करने आयोजित की जा रहीं स्वीप गतिविधियां



**अनूपपुर।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्धेश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा नोडल अधिकारी स्वीप तन्मय वशिष्ठ शर्मा की नेतृत्व में स्वीप अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को एक वोट का महत्व बताया जा रहा है साथ ही उनके अधिकारों की भी जानकारी दी जा रही है, जिससे वे निर्भीक, निष्पक्ष, स्वतंत्रता से अपने मतों का प्रयोग कर सके।लोकसभा निर्वाचन में दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत जिलें के ग्राम बकेली सहित अन्य विभिन्न ग्रामों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदान हेतु संदेश दिया जा रहा है तथा दिव्यांग मतदाताओं को पीले चावल वितरित कर मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया।रंगोली बनाकर मतदान करने किया गया प्रेरित जैतहरी जनपद पंचायत के विभिन्न ग्रामो में महिलाओं ने मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए मतदान संबंधी रंगोली बनाई गई एवं मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया। साथ ही आने वाले 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई।
सभी ग्रामों में निकाला जा रहा मतदाता जागरूकता रैली जिले के सभी जनपदो एवं ग्रामों में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्धेश्य से मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही है और मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदाता जागरूकता के नारों के साथ मतदान करने की अपील की जा रही है। मतदाताओं को उनके मतो के अधिकार के संबंध में भी समझाइइश दी जा रही है। शा.उ.मा.वि. चिल्हारी, धिरौल, पटना, पिपरिया सहित अन्य विद्यालय में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए छात्राओं की मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यालय की छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है। छात्रों ने अपने सहपाठियों के हाथ में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्लोगन लिखकर चित्र भी बनाया जा रहा है।

### दीवार लेखन के माध्यम से किया जा रहा जागरूक

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की दीवारों पर मतदाता जागरूकता नारे एवं मतदान की तरीख लिखकर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न जागरूकता नारों सत्य और ईमान से सरकार बने मतदान से एक वोट से होती जीत हार वोट न हो कोई बेकार, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है। लोकतंत्र का यही है नारा मतदान करना गर्व हमारा। वोट करें वफादारी से चयन करें समझदारी से आदि लिखकर मतदान की महत्व के बारे में बताया गया। जिले में स्कूली छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा निर्वाचन को लेकर मतदाताओं को जागरूक कर अधिक से अधिक मतदान की अपील की। छात्राओं ने अपने हाथों से पोस्टर बनाएं जिनके माध्यम से संदेश दिया जा रहा। इसके अलावा स्कूलों में मतदान के लिए जागरूक करने के लिए आकर्षक रंगोली बनाई।

### खबर संक्षेप

## आज भाजपा कार्यालय में मनाया जाएगा पार्टी का स्थापना दिवस

**हरिभूमि न्यूज . नरसिंहपुर ।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में स्थापना दिवस के अवसर पर सुबह 10 बजे ध्वज वंदन पार्टी के जिलाध्यक्ष इंजीणअभिलाष मिश्रा द्वारा किया जावेगा तत्पश्चात लोकसभा प्रत्याशी चौधरी दर्शन सिंह विधानसभा के ग्राम कुम्हड़ीए नंदवाराए रामपिपरियाए देवाकछारए उमरियाए सगौनीए नयाखेड़ाए इमलियाए मुराछए तिंदनीए महादेव पिपरियाए झामरए धमनाए खमरिया व रौसरा में जनसंपर्क करेंगे इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्षए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रमो में उपस्थिति की अपील विधानसभा संयोजक सुनील कोठारी द्वारा की गई है।

## ट्रेक्टर पलटने से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज . नरसिंहपुर ।** गत दिवस खेत मे ट्रेक्टर चला रहे युवक पर ट्रेक्टर के पलटने से मौत हो गई । पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सूरज पिता भगवत धानक उम्र 18 वर्ष निवासी गरारू थाना कोतवाली अपने ही गांव के शैलेन्द्र राजपूत के खेत मे ट्रेक्टर चला रहा था और अचानक ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे युवक घायल हो गया परजिनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मर्ग पंचानामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया ।

## चुनाव प्रचार के थोक में एसएमएस भेजने का खर्च उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा

**हरिभूमि न्यूज . नरसिंहपुर ।** लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक निर्वाचन के प्रचार के लिए बल्क ;थोकद्ध में भेजे गए एसएमएस की जानकारी रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के खाते में जोड़ देगा। निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में दिशा.निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार मतदान संपन्न होने के लिए निश्चित किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनैतिक प्रकृति के थोक में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध होगा। राज्य में मोबाइल सेवा प्रदाता सभी संबंधितों के नोटिस में ऐसे थोक एसएमएस की जानकारी तुरंत लायेंए ऐसे निर्देश दिए गए है। आयोग के ध्यान में यह भी आया है कि चुनाव में निहित स्वार्थी व्यक्तियों द्वारा निर्वाचन विधि के प्रावधानोंए आदर्श आचरण संहिता और इस संबंध में जारी निर्देशों का उल्लंघन करते हुए कुछ आपत्तिजनक संदेश भी एसएमएस द्वारा भेजे जाते हैं। चुनाव को स्वतंत्रए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण प्रक्रिया के साथ संपन्न करवाने के लिए भी आयोग ने निर्देश जारी किए हैं। ऐसे आपत्तिजनक एसएमएस के लिए पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए गए है कि वह विशेष मोबाइल नंबरों को प्रचारित करें जिन पर एसएमएस प्राप्तकर्ता उक्त एसएमएस को अग्रेषित कर सके। पुलिस पहले उचित जांच करें और एसएमएस भेजने वाले का पता लगाये तथा भारतीय दंड संहिता के प्रावधानोंए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951ए निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 तथा आयोग द्वारा जारी किए गए निर्देशों और इस मामले में लागू अन्य कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाये।

## नहीं रहे अन्नीलाल तिवारी

**तेंदूखेड़ा-** नगर के प्रतिष्ठित अन्नीलाल तिवारी का दुखद निधन हो गया जिन्हें सभी वर्गों के लोगों ने पहुंच कर अंतिम विदाई देते हुए श्रंद्धाजलि अर्पित की। श्री तिवारी संजय तिवारी विजय तिवारी अजय तिवारी के पूज्य पिता थे।

### बड़े नेताओं के लिये चेतावनी

# भाजपा की बैठक में निकले विरोध के स्वर

### कांग्रेसी नेता के आने से जताई नाराजगी, आचरण पर भी सवाल



**हरिभूमि न्यूज . नरसिंहपुर ।** चुनावी सरगर्मी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है मंडला लोकभा सभा सीट मे मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के मध होना तय है । राजनीतिक उठापटक के चलते नेता व उनके कार्यकर्ताओं द्वारा दल बदल व उछल्ल कूद की जा रही है एक दल से दूसरे दल मे आना जाना नेता व उनके कार्यकर्ताओं जारी है । ऐसी मे दल बदल के मामले ने गोटेगांव मे आयोजित हुई भाजपा की बैठक मे विरोध का स्वर फोड़ दिया और कार्यकतार्ओ द्वारा चेतावनी युक्त बातें कही हालांकि बाद मे बड़ नेताओं द्वारा मामला शांत कराया गया ।

### सदस्यता का किया विरोध

गोटेगांव में कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक दलों से भाजपा में आए कार्यकतार्ओं का स्थानीय स्तर पर भाजपा कार्यकतार्ओं के द्वारा विरोध किया जा रहा है। इस विरोध के स्वर शुक्रवार को आयोजित बैठक में भी देखने को उस समय मिलेए जब भोपाल भाजपा कार्यालय में नगर के ही कुछ कांग्रेस सहित अन्य कार्यकतार्ओं को भाजपा की सदस्यता दी गई है। भाजपा कार्यकतार्ओं ने नगर में आयोजित बैठक में स्पष्ट कहाए कि मंडल क्षेत्र के प्रतिवेदन उपरांत ही अन्य दलों के लोगों को भाजपा की सदस्यता दी जाए। कार्यकतार्ओं ने कहाए कि समाज विरोधी कृत्यों में लिप्त ऐसी किसी भी व्यक्ति को सीधे तौर पर मुख्यालय में सदस्यता ना दी जाए जिनकी संलिप्तता से संगठन की विचारधारा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

### अमार्यादित आचरण वालों को न दे पार्टी की सदस्यता

भारतीय जनता पार्टी के मुकेश चौकसेए शक्ति सिंह राजपूतए मुकुल राजपूतए गोविंद कहार एवं अनेक कार्यकतार्ओं ने सुझाव दियाए कि भाजपा कार्यकतार्ओं ने स्थानीय नागरिक साहिल सिंह राजपूत की भोपाल में दी गई सदस्यता का विरोध किया हैए उन्होंने कहा कि साहिल सिंह राजपूत की कार्यशैली आपत्तिजनक हैए जो भाजपा की विचारधारा के अनुकूल नहीं है। विगत विधानसभा चुनाव में इसके द्वारा किए गए अमर्यादित आचरण से गुटीय संघर्ष की स्थिति बनी थी। भाजपा कार्यकतार्ओं ने कहाए कि समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्तए अवसरवादी एवं फर्जी व्यक्तियों को पार्टी की सदस्यता ना दी जाए। कार्यकतार्ओं ने यह भी कहा कि संगठन के पुराने साथियों को सम्मान देते हुए नवीन कार्यकतार्ओं के साथ कार्य करना बेहतर विकल्प होगा।

विधायक व जिला अध्यक्ष की रही उपस्थिति

दरअसल शुक्रवार को गोटेगांव नगर में भारतीय जनता पार्टी नगर एवं ग्रामीण मंडल की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नरसिंहपुर जिला भाजपा के अध्यक्ष अभिलाष मिश्राए गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश एवं इंजीनियर सरदार सिंह पटेल सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस छोड़कर आने वाले नवयुवकों ने भाजपा की सदस्यता लीए जिनका स्वागत स्थानीय कार्यकतार्ओं द्वारा किया गया। मंडल स्तर पर अनुशंसित एवं आवेदित दूसरे दलों से आने वाले कार्यकतार्ओं को शामिल किए जाने का स्वागत करते हुए भाजपा नेताओं ने कहाए कि जो व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से सहमत होकर नरेंद्र मोदी के राष्ट्रवादी नेतृत्व में विश्वास करता हैए ऐसे राष्ट्रवादी नागरिकों का भारतीय जनता पार्टी में स्वागत है।

### इनका कहना है

पार्टी की सदस्यता जो भी लेता हैए उसका हम स्वागत करते हैए बावजूद इसके जिस नाराजगी की आप बात कर रहे हैए नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच ऐसा कुछ नहीं है और अगर कहीं कोई बात है तो मैं अपने कार्यकर्ताओं की भावनाओं का भी सम्मान रखूंगा।


**महेन्द्र नागेशए गोटेगांव विधायक**

## गोटेगांव के पास पलटा डीजल का टैंकर



**हरिभूमि न्यूज . नरसिंहपुर ।** गत दिवस इंडियन ऑयल कंपनी का डीजल और पेट्रोल से भरा हुआ एक टैंकर गोटोगांव के समीपी ग्राम रहली और खोबी के बीच रोड के सड़क किनारे पलट गया। गनीमत ये रही कि टैंकर की चपेट में और कोई नहीं आया और बड़ा हादसा होने से टल गया। इस हादसे में चालक और परिचालक दोनों मामूली रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गोटेगांव एसडीओपी भावना मरावी थाना प्रभारी सहदेव राम साहू सुरक्षा बल की टीमए दमकल विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंची। समाचार लिखे जाने तक टैंकर को सीधा करने का प्रयास जारी रहा परंतु टैंकर से काफी डीजल और पेट्रोल बिखर चुका था। बिखरे हुए डीजल.पेट्रोल में आग न लगे इसके लिए दमकल विभाग की गाड़ी द्वारा स्प्रे किया गया। जानकारी के अनुसार टैंकर क्रमांक एम एच 0 4 जीएफ 9753 गोटेगांव की तरफ से ग्राम झामर पेट्रोल पंप जा रहा था सड़क निर्माण में लगी ग्रेडर को भी ट्रक चालक द्वारा टक्कर मारकर कुछ दूर जाकर अनियंत्रित होकर पलट गया ट्रक चालक एवं कंडक्टर दोनों शराब के नशे में थे।

## प्रेम में पड़ी दरार, युवती ने किया हंगामा



**हरिभूमि न्यूज . नरसिंहपुर ।** विगत दिवस युवती ने प्रेमी के घर के सामने आकर हंगामा शुरू कर दिया जिससे मोहल्ले मे भीड़ एकत्र हो गई । मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र करेली निवासी युवती द्वारा लड़के के घर के सामने हंगामा शुरू कर दिया गया जिसकी सूचना परिजनों द्वारा डायल 100 को दी गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा शांत कराकर लड़की को घर भेज दिया । उक्त संबंध मे बताया गया कि शांतनु गुप्ता उर्फ बोनी निवासी करेली के साथ पढ़ने वाली अपनी ही समाज के लड़की ने उक्त हंगामा किया । पुलिस ने बताया कि दोनो एक साथ पढ़ाई करते थे और नौकरी करने के लिये भोपाल चले गये जहां से कुछ दिनो बाद लड़का वापिस आ गया और लड़की भोपाल मे थी किसी बात को लेकर दोनो के बीच कहा सुनी हुई और लड़के ने फोन उठाना बंद कर दियाए बातचीत ना करने पर लड़की भोपाल से आई और लड़के के घर के सामने हंगामा करने लगीए उक्त मौके पर लड़का घर पर नही था बताया जा रहा है कि लड़का भाजपा को पदाधिकारी होने के कारण लोकसभी प्रत्याशी के नामांकन रैली मे गया हुआ था । हंगामे के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर लड़की को घर भेज दिया और दोनो आपस के एक ही समाज के होने के कारण रिश्तेदारों द्वारा सुलह कराने का प्रयास जारी है जिससे पुलिस ने भी दूरियां बना ली और मामला पंजीबद्ध नही हुआ ।

# मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज . नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन. 2024 के तहत मंडला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की एक विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव में 19 अप्रैल को और नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र नरसिहपुरए तेंदूखेड़ाए गाडरवारा में 26 अप्रैल 2024 को मतदान सम्पन्न होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन और जिला नोडल अधिकारी स्वीप व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिले में जिले में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान केंद्र पनागर में आंगनवाड़ी. आशा कार्यकर्ता व महिला स्वसहायता समूहए विकासखंड चीचली के सेक्टर कार्यालय में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताए चांवरपाठा के मतदान केंद्रए चीचली सेक्टरए करेली विकासखंड के ग्राम उमरिया में महिला मतदाताओं द्वारा मतदान की शपथ ली गई। चल री सखी कार्यक्रम के अंतर्गत गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 219 पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा मेहंदी लगाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। मतदान केंद्र क्रमांक 15 व 16 ग्राम नोनी में मतदाता जागरूकता के लिए शाला के शिक्षकए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं बीएलओ के साथ. साथ अन्य मतदाताओं द्वारा रैली निकाली गयी। इसके साथ ही ग्राम गाडरवाराखेड़ा में भी महिलाओं ने रैली निकालकर गांव के अन्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत कामती में महिलाओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं। उनके द्वारा हाथों में तख्तियां लेकर मतदान करने के लिए प्रेरक नारे लगा रही हैं। ग्राम पंचायत कामती में महिला मतदाताओं द्वारा शपथए पोस्टर व रंगोली के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया। मेखए अकोलाए कंधरापुर आदि ग्रामों में मतदाता जागरूकता के तहत मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांव छोटा विकासखंड साईखेड़ा के विद्यार्थियों द्वारा मेहंदी और रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। स्वीप गतिविधि के अंतर्गत हाईस्कूल झाझनखेड़ा में बच्चों द्वारा रंगोली बनाई गई। श्रीनिवास राव तेलंग एनईएस महाविद्यालय बरमान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। शासकीय हाई स्कूल मोहद में स्वीप गतिविधि के तहत पत्र लेखन तथा स्लोगन लेखन कर मतदान हेतु प्रेरित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झामरए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुआतलाए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौतियाए शासकीय हाई स्कूल हिरणपुर में विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता से प्रेरित पोस्टर के माध्यम से मतदान हेतु मतदाताओं को प्रेरित किया गया। शासकीय हाई स्कूल तलापार में विद्यार्थियों द्वारा स्लोगन लेखन गतिविधि की गई। सिंहपुर में नवीन मतदाताओं द्वारा दीवार पर नारा लेखन कर मतदान हेतु प्रेरित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कौड़िया में स्लोगन एवं निबंध लेखन गतिविधि आयोजित की गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हर्रई एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौरझिर में मतदाता जागरूकता के तहत विद्यार्थियों द्वारा स्लोगन लेखन कर मतदान हेतु संदेश दिया गया।

# विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणन

**हरिभूमि न्यूज . नरसिंपहपुर ।** भारत निर्वाचन आयोग ने एन चुनाव के मौके पर विद्वेषपूर्ण अथवा भ्रामक राजनैतिक विज्ञापनों के प्रकाशन एवं प्रसारण पर रोक लगाने के उद्देश्य से समाचार पत्रों अथवा प्रिंट मीडिया में भी मतदान के एक दिन पूर्व और मतदान के दिन प्रकाशित कराये जाने वाले राजनैतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन राज्य स्तरीय अथवा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से कराना अनिवार्य कर दिया है। इस बारे में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन के लिये विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी ;एमसीएमसीद्ध को आवेदन देना होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक कोई भी राजनैतिक दल या उम्मीदवार अथवा अन्य कोई संगठन या व्यक्ति मण्डला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के दिन तथा उसके एक दिन पहले वाले दिन 18 अप्रैल को कोई भी विज्ञापन मीडिया प्रमाणन समिति से बिना पूर्व प्रमाणन कराये प्रकाशित नहीं करा सकेगा। अर्थात ऐसे विज्ञापनों का समाचार पत्रों अथवा प्रिंट मीडिया में प्रकाशन कराने के पूर्व राज्य अथवा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से प्रमाणन कराना अनिवार्य होगा। निर्वाचन आयोग ने यह निर्देश पूर्व में सामने आये उन मामलों के संदर्भ में जारी किये हैंए जहां अंतिम चरण में भ्रामकए भड़काऊ या आक्रामक स्वरूप के विज्ञापन प्रकाशित कराकर चुनावी प्रक्रिया को दूषित करने के प्रयास किये गये थे। आयोग के मुताबिक चुनाव के अंतिम दौर में ऐसे भ्रमित करने वाले विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद इनसे प्रभावित दल अथवा प्रत्याशी के पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खण्डन का अवसर नहीं होता। आयोग के अनुसार ऐसी स्थिति में स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन जरूरी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन के लिए समय सीमा भी तय की है। प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले मीडिया सर्टिफकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी ;एमसीएमसीद्ध को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई मां कर्मा देवी जयंती



**हरिभूमि न्यूज . करेली ।** साहू समाज की आराध्या भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1008 वीं जयंती के पावन अवसर पर नगर साहू समाज करेली द्वारा सुबह 11बजे से मां कर्मा देवी की भव्य शोभायात्रा जिसमें मां कर्मा देवी की मनोहारी झांकी गाजे.बाजे और मां के जयकारों के साथ नगर के मुख्य मार्ग से अग्रवाल सभागार में संपन्न हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां कर्मा देवीए श्री कृष्णए भामाशाहए योगी गोरखनाथ का साहू समाज के संरक्षक संतोष पेठियाए पंकजए मुकेशए महेशए मोहनलालए राजेशए चतुर्भुजए जगन्नाथए समाज के अध्यक्ष सुरेश साहू नवयुवक अध्यक्ष यशवंत साहू ने पुजारी शिवचरण राजोरिया द्वारा विधिवत पूजन अर्चन किया गया। अध्यक्ष डा सुरेश एवं यशवंत साहू द्वारा 5 अप्रैल को रिलीज फिल्म मेरी मां कर्मा का अनावरण भी किया गया। तत्पश्चात मयंक एवं अंकित पेठिया द्वारा मंच संचालन करते हुए सर्वप्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य में रिशिकाए सेजलए सम्रद्धिए अंजलिए पार्थए काजलए नेंसी एसाक्षीए प्रियंका गायन में श्रीमति उमा एएन आर जीएपलकए रिषभ एरंगोली में कविताएपूजा एकशिश एपलक एमेहंदी में उमाए शीतलए शैलीए पलक एशिवानीए पोस्टर में पार्थए नैंसीए कपिलए मुदितए खुशीए स्वस्तिए ओम एसेजलए संगीताए खुशीए कलश में पिंकी पलक ए आदि ने अपनी प्रस्तुति दी। उपस्थित वरिष्ठ जनों में संतोष पेठियाए मोहनलाल ए राजेशए झलकनए जगन्नाथ महेश साहू ने मां कर्मा देवी की जीवन परिचय एवं समाज के प्रगति पर अपने विचार रखे। सभी प्रतिभागियों को उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर उत्सवर्धन किया । कार्यक्रम के अंत में मां कर्मा देवी की महाआरती कर भंडारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाजिक बंधुओ विशाल जनसमूह ने उपस्थित होकर धर्मलाला अर्जित किया।

## एक देशी रिवाल्वर, दो देशी कट्टा व दो कारतूस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज . नरसिंपहपुर ।** जिले में स्टेशन गंज थाना पुलिस एक देशी रिवाल्वरए दो देशी कट्टा व दो कारतूस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार किए है। ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना स्टेशनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुये आरोपी राहुल पिता विनोद पारोची निवासी नरसिंहपुर से एक देशी रिवाल्वर जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 316द्2024 धारा 25ए 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। इसी प्रकार आरोपी गोविन्द पिता गोपाल नोरिया निवासी छीताघाट के कब्जे से एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 318द्2024 धारा 25ए 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। वहीं शुभनगर कालोनीए नरसिंहपुर के पास से आरोपी रंजीत मेहरा पिता नन्हेलाल मेहरा निवासी ग्राम खमरिया के कब्जे से एक देशी कट्टा एवं एक जिन्दा कारतूस जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 314द्2024 धारा 25ए 27 आर्म्स एक्ट पंजीवद्ध किया गया है।

## स्लीपर कोच में यात्रा कर रही महिला का ट्राली बैग चोरी

**हरिभूमि न्यूज . नरसिंपहपुर ।** गत दिवस ट्रेन क्रमांक 19014 कटनी भुसावल एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में यात्रा कर रही महिला का ट्राली बैग चलती ट्रेन से करकबेल.घाटपिंडरई के बीच चोरी हो गया। इस संबंध में महिला द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कराया हैं। जानकारी के मुताबिक कटनी निवासी महिला ट्रेन क्रमांक 19014 कटनी भुसावल एक्सप्रेस से कटनी.पिपरिया की यात्रा कर रही थी। जो खाना खाकर अपना ट्राली बैग अपनी बर्थ के नीचे रखकर सो गयी थी। तभी रात्रि के लगभग 04द्50 बजे के आसपास नींद खुली तो बर्थ के नीचे रखा मेरा ट्राली बैग नहीं था। जिसमें एक गोल्ड चेन ;लगभग एक तौलाद्धए टाप्स सोने के ;लगभग 3 ग्रामद्धए इस्तेमाली कपड़े 10 जोडीए आधार कार्डए रिलिविंग लेटरए शूज नगद 6000 रूपये रखे थे सामान की कुल कीमत साठ हजार रूपये है। एवं उनके साथ यात्रा कर रहे दक्ष शर्मा 14 वर्ष का एक मोबाईल भी चोरी हो गया।

# अतिथि शिक्षकों के साथ वादा खिलाफी

**'महापंचायत की घोषणाओं पर नहीं हुआ अमल'**

**तेंदूखेड़ा-** लगभग दो दशकों से अपने नियमिति करण की मांग को लेकर अतिथि शिक्षकों का संघर्ष आज भी जारी है ।विगत वर्ष 2023 मैं विधानसभा चुनाव के पूर्व मध्य प्रदेश के मुखिया तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा अतिथि शिक्षकों की 2 सितंबर को भोपाल में महापंचायत बुलाई गई थी। जिसमें दोगुना मानदेय 20प्रतिशत बोनस अंक 12 माह का कार्यकाल एवं माह की 1 तारीख को भुगतान आदि की घोषणाएं महापंचायत में की गई थी।परंतु उसमें से सिर्फ वेतन वृद्धि का ही आदेश विधानसभा चुनाव के पूर्व पारित किया गया है, परंतु अन्य जो घोषणा की गई थी उसमें सरकार द्वारा आज तक कोई अमल नहीं किया गया है। मध्य प्रदेश लोक शिक्षण संचनालय द्वारा अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल तक जारी रखने का आदेश जारी कर दिया गया है। जिसमें अतिथि शिक्षकों में रोष व्याप्त हो गया है। एवं तरह-तरह की चर्चायें व्याप्त है।अतिथि शिक्षक संघ चांवरपाठा ब्लॉक अध्यक्ष राहुल पाठक ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया गया है कि प्रदेश में सरकार द्वारा लगातार अतिथि शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार एवं आर्थिक शोषण किया जा रहा है । न्यूनतम वेतनमान पर कार्य कर रहे अतिथि शिक्षकों के समक्ष विधानसभा चुनाव के पूर्व एक आशा की कारण जागृत हुई थी कि जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा जो घोषणा की गई थी उन पर चुनाव की पूर्व ही तत्काल पारित हो जाना चाहिए था। परंतु सरकार की मंशा अनुरूप सिर्फ वेतन वृद्धि का आदेश ही आनन-फानन में चुनावी लाभ लेने के लिए पारित किया गया परंतु उसमें एक प्रमुख घोषणा और की गई थी, 12 माह का कार्यकाल जिसका प्रस्ताव आज तक शासन द्वारा पारित नहीं किया गया एवं विगत सत्र 2023 -24 समाप्त होने के पश्चात नए शैक्षणिक सत्र में सिर्फ माह अप्रैल तक ही अतिथि शिक्षकों की सेवाएं ली जा सकेंगी। इसके उपरांत 30 अप्रैल से अतिथि शिक्षकों की सेवा दो माह के लिए समाप्त हो जाएगी, सभी अतिथि शिक्षकों द्वारा सरकार से मांग की जा रही है कि शासन समय रहते अपनी घोषणा पर अमल करें एवं अतिथि शिक्षकों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार पर अंकुश लगाए यदि शासन द्वारा शीघ्र ही अतिथि शिक्षकों के 12 माह का कार्यकाल नहीं किया जाता है तो इस चुनावी साल में अतिथि शिक्षकों द्वारा चुनावी बहिष्कार, आदि के लिए बाध्य होना पड़ेगा। एवं समस्त अतिथि शिक्षकों द्वारा संगठित भाव से वृहद स्तर पर आंदोलन को मूर्तरूप दिया जाएगा।

## केवल दिखावा साबित ना हो मंडी प्रशासन की कार्यवाही

**तेंदूखेड़ा-** इन दिनों कृषि उपज मंडी को हर हाल में सुचारू रखने की महती आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश किसानों की कृषि उपज कटकर तैयार हो चुकी है जरूरत मंद कृषक अपनी उपज को मंडी में बेचेंगें।मंडी में कृषक अधिक से अधिक उपज तेंदूखेड़ा मंडी में लेकर आयें को लेकर ऐसे सामूहिक प्रयास लगभग सभी वर्गों के लोगों को करने की जरूरत है।मंडी क्षेत्र के अधिकृत जो व्यापारी हैं उन्हें भी मंडी में ही आकर घोष विक्रय के माध्यम से उपज खरीदने पर लाने की जरूरत है। चाहे राजमार्ग डोभी मदनपुर सिहोरा बोहानी के व्यापारी ही क्यों ना हो। तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बीकोर भामा ईश्वरपुर कहीं के भी बगैर लायसेंसधारी व्यापारियों पर डंडा ठोक कार्यवाही करने की जरूरत है। कुछ कर्मचारी जिनकी हफ्ता वसूली और विभिन्न क्षेत्रों में अपने आदमी बिठाकर वसूली करवातें है उन पर भी कार्यवाही की जरूरत है।भारसाधक अधिकारी को भी चाहिए कि इन गतिविधियों पर सूक्ष्मता से जानकारी कर दंडात्मक कार्यवाही की दिशा में उचित पहल करनी चाहिए।। नवागत मंडी सचिव जिन्हें दो जगह के प्रभार दिये गये हैं। उन्हें मंडी क्षेत्र में ही रहकर इन सभी गतिविधियों पर पैनी नजर रखने की नितांत आवश्यकता है। विगत दिनों जो कार्यवाही की गई है। कार्यवाही सतत जारी रखने की जरूरत है।इस व्यवस्था से जहां कच्चे का व्यापार करने वालों में भय होगा वहीं तेंदूखेड़ा का व्यापार व्यवसाय जो लगभग शून्य सा हो गया है। व्यापारीगण हाथ पर हाथ रख कर बैठे हुए हैं। मंडी चलने से स्थानीय व्यापार व्यवसाय भी चल सकेगा। चूंकि इस दिशा में अनेकों बार प्रयास तो किये गये हैं लेकिन वे केवल दिखावा ही साबित सिद्ध हो जाते हैं। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को बताने मंडी कुछ समय चला फिर घोष विक्रय बंद हो जाता है। कुछ ऐसे व्यापारी भी है जो गांव में जाकर किसानों के यहां उपज तय कर आते हैं और कहने सुनने को मंडी में औपचारिकता निभा कर अपने घर ले जाकर तुला लेते हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के सभी वर्गों के व्यापारी वर्ग ने भी कयास लगाए है कि मंडी अब पूरे सीजन भर सुचारू रूप से चलती रहे और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं का कांटा बाहन ले जाकर मनमाने दामों पर खरीदी कर बाहर की मंडियों में ले जाकर अनाज बेचने वालों पर निष्पक्ष भाव से कार्यवाही की जाये।